CEREMONY एनएमआईएमएस में पुस्तक विमोचन, स्पिक मैके क्लब की शुरुआत हुई

शिक्षा कक्षा तक सीमित न रहकर, आर्थिक समझ और व्यावहारिक ज्ञान से भी जुड़ी हो

सिटी रिपोर्टर • इंदौर

आधुनिक शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित न रहकर व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक-आर्थिक समझ से भी जुड़ी होनी चाहिए। यह बात एनएमआईएमएस के चांसलर अमरीश आर. पटेल ने कही। वे संस्थान में आयोजित पुस्तक विमोचन, 'स्पिक मैके हेरिटेज क्लब' की शुरुआत और छात्र सम्मान के लिए हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डॉ. विकास खरे और डॉ. मोनिका भाटिया की तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। ये पुस्तकें ऊर्जा, उन्नत तकनीक और नेतृत्व विकास से जुड़ी हैं। साथ ही 'स्पिक मैके हेरिटेज क्लब' का लोगो लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और पारंपरिक कलाओं से जोड़ना है। निदेशक डॉ. अंशुमान जेसवाल ने बताया कि यह पहल छात्रों को देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों से जोड़ेगी। 'स्टूडेंट्स अचीवमेंट रिकग्निशन सेरेमनी' के तहत रोबोटिक्स, खेल और शैक्षणिक व वाद-विवाद स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। संयुक्त अध्यक्ष भूपेश आर पटेल, मेंटर्स अखिलेश राठी, अरविंद बांठिया, अजय बांकड़ा मौजूद रहे।

Publication: Dainik Bhaskar

Edition: Indore

Headline: NMIMS Indore Launches Books & Club

NMIMS LAUNCHES BOOKS & CLUB

SVKM's NMIMS Indore hosted a multi-event programme featuring a book launch, SPIC MACAY Heritage Club inauguration and student felicitation. Chancellor Amrish R Patel highlighted the need for holistic education beyond classrooms. Three books by Vikas Khare and Monica Bhatia were released. The heritage club aims to promote Indian classical arts among students. Meritorious students were honoured for achievements in robotics, sports and academics, reflecting the institute's focus on balanced development.

COLLEGE CAMPUS BUZZ

Publication: Times of India

Edition: Indore

Headline: NMIMS Indore Launches Books & Club